हिन्दुस्तान

मुख्य सचिव की अध्यक्षता वाली उच्चस्तरीय समिति ने लगाई मुहर, कैम्पटी फॉल में बनेगी टनल पार्किंग

हरिद्वार-मसूरी के लिए पार्किंग मंजूर

हि अच्छी खबर



05 ऑटोमेटिक पार्किंग बनेंगी हरिद्वार जिले में

1.कैम्पटी फॉल	200 कार
2.हरिद्वार तहसील परिसर	96 बाइक
3.सिटी मजिस्ट्रेट परिसर हरिद्वार	136 कार, 96 बाइक
4.रुड़की तहसील परिसर	91 कार, 96 बाइक
5.ललतारौ पुल हरिद्वार	98 कार
6.टिबड़ी हरिद्वार	105 कार, 96 बाइक

देहरादून, मुख्य संवाददाता। मसूरी के निकट स्थित पर्यटन स्थल कैम्पटीफॉल में देश की पहली टनल पार्किंग बनाने को मंजूरी मिल गई है। साथ ही हरिद्वार में पांच ऑटोमैटिक पार्किंग को मुख्य सचिव डॉ.एसएस संधु की अध्यक्षता वाली व्यय वित्त समिति (ईएफसी) बैठक में अंतिम मंजूरी दे दी गई।

उत्तराखंड के प्रमुख शहरों व पर्यटन स्थलों पर जाम की समस्या से निपटने के लिए आवास विभाग, पार्किंग निर्माण पर जोर दे रहा है। इसके लिए प्रदेशभर में 168 पार्किंग स्थल तय किए गए हैं। इनमें से 127 की डीपीआर जमा कराई जा चुकी है और 80 के लिए मंजूरी भी मिल गई है। इन पार्किंगों में से कुछ की लागत दस करोड़ रुपये से अधिक आ रही है, इसके चलते इन योजनाओं की डीपीआर, मुख्य सचिव की अध्यक्षता वाली कमेटी के पास भेजी गई थी। गत शुक्रवार को हुई बैठक में इस कमेटी ने कैम्पटी में टनल पार्किंग के साथ हरिद्वार में पांच ऑटोमैटिक पार्किंग को मंजूरी दे दी। आवास सचिव एसएन पांडेय ने बताया कि कैम्पटी में करीब दो सौ मीटर पहाड़ खोदकर सुरंग बनाई जाएगी,जिस के अंदर पार्किंग बनाई जाएगी। चूंकि पहाड़ पर सड़क किनारे कहीं भी पार्किंग बनाने की जगह नहीं है, ऐसे में सरकार इस प्रयोग को अहम मान नही है। इसके बाद टनल पार्किंग का प्रयोग अन्य स्थानों पर भी किया जाएगा।

> इन सभी पार्किंग प्रोजेक्ट की डीपीआर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई ईएफसी बैठक में मंजूर कर दी गई। इन सभी प्रोजेक्ट पर एनएचआईडीसीएल को काम करना है। सभी औपचारिकताएं पूरी हो चुकी हैं, ऐसे में कंपनी को तत्काल काम शुरू करने को कहा गया है। कैम्पटी में देश की पहली टनल पार्किंग बनेगी।
>
> **-एसएन पांडेय,** प्रभारी सचिव